क्विक हिल फाउंडेशन और सेवा भारती मध्य भारत द्वारा सायबर सिक्युरिटी पर जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक

भोपाल। ऑनलाइन ठगी और फ्रॉड से बचाव हेतु राजधानी में साइबर जागरूकता सप्ताह, क्विक हिल फाउंडेशन और सेवा भारती मध्य भारत द्वारा नुक्कड़ नाटकों के जरिए मनाया जा रहा है जिसमें नागरिकों ओटीपी शेअर ना करना,सोशल मीडिया का निर्धारित समय में ही उपयोग,अपने फोटो एचडी क्वालिटी में पोस्ट ना करने,फेक लिंक, फेक मेसेज, फेक कॉल ना उठाये. सेक्सटॉरशन, डिजीटल अरेस्ट से कैसे बचे आदि प्रमुख है सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया नुक्कड नाटक मे कलाकारों द्वारा आसान भाषा में मनोरंजन के साथ स्कूल, कॉलेज, मंदिर, मार्केट और चौराह चौराह पे नाट्य कर्मी योगेश शेट्ये, संदिप शिंगदाणे, कृष्णा सकपाळ, कृष्णा नवले, निलेश माने और गौरव निमकर आदि ने आमजनो को नाटक के माध्यम से साइबर फ्रॉड और उससे बचाव हेतु, रामेंद्र सिंह राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, राष्ट्रीय सेवा भारती, सुरेंद्र सिंह सोलंकी सेवा भारती, संगठन मंत्री, मध्यभारत प्रांत, विमल त्यागी, प्रांतीय सचिव, राज नारायण अग्निहोत्री, प्रांतीय कोषध्यक्ष, गणेश सिंह प्रांतीय प्रबंधक आदि के मार्गदर्शन में जागरूक कर रहे है।